21(15)

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, बेबसाईट : www.bsea.bihar.gov.in

पत्रांक : नि॰ प्रा॰/ नि॰ 1-10/2022 717 /पटना, दिनांक 21/05/2022

प्रेषक,

**पुरूषोत्तम पासवान,**
सचिव।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰),**
**उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स॰स॰),**
कटिहार, मधुबनी, सीतामढी, मधेपुरा, सुपौल, बांका, जहानाबाद, किशनगंज, औरंगाबाद, गया, समस्तीपुर, लखीसराय, वैशाली, पूर्णिया, बेगूसराय, दरभंगा, शिवहर, सारण, बक्सर पटना, रोहतास, कैमूर, पूर्वी चम्पारण, खगड़िया, नालन्दा, गोपालगंज, सहरसा, पश्चिम चम्पारण, भोजपुर एवं अररिया ।
**संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰),**
(संलग्न सूची के अनुसार)।

विषय : **प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी कमिटी के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन।**

महाशय,

बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा-14 (क) (यथासंशोधित) एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

2. प्राधिकार की अधिसूचना संख्या-6476 दिनांक 12.05.2012 द्वारा बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 के तहत निबंधित सभी सहकारी समितियों के निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए जिला पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्राधिकार के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) एवं अधिसूचना संख्या-6477 दिनांक 12.05.2012 द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी को निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) पदनामित किया गया है। सामान्यतया प्रखंड विकास पदाधिकारी निर्वाचन पदाधिकारी होंगे लेकिन आवश्यक समझे जाने पर जिला पदाधिकारी के आदेश द्वारा निर्वाचन पदाधिकारी का दायित्व अंचल अधिकारी को सौंप सकेंगे।

3. **सम्प्रति प्राधिकार उन 235 (दो सौ पैंतीस) प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन कराना चाहता है, जो अधिक्रमित है या जिनका निर्वाचन देय है और जिनका निर्वाचन प्रस्ताव संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा पूर्ण रूप से प्राधिकार को उपलब्ध कराया गया है। वैसी समितियों की सूची अनुलग्नक-1 पर दी गयी है।**

4. प्रखंडस्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति की उपविधियाँ में उन योग्यताओं एवं अयोग्यताओं का उल्लेख है, जिनके आधार पर कोई व्यक्ति समिति का सदस्य बन सकता है या अयोग्य घोषित किया जा सकता है। जिला सहकारिता पदाधिकारी संबंधित समिति से सम्पर्क स्थापित कर उसकी उपविधियाँ की एक प्रति संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी को तुरंत उपलब्ध करा देंगे। निर्वाचन पदाधिकारी -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने स्तर से भी संबंधित समिति की उपविधियाँ स्थानीय स्तर से प्राप्त करने की व्यवस्था करेंगे।

5. इन प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समितियों की मतदाता सूची की तैयारी एवं उसके बाद निर्वाचन के उद्देश्य से प्राधिकार ने **दिनांक 30.04.2022 को कट-ऑफ तिथि** के रूप में निर्धारित किया है। केवल वैसे व्यक्ति, जो **दिनांक 30.04.2022** तक समिति की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं तथा जो अन्य निर्धारित शर्ते पूरी करते हैं, के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जा सकेंगे।

6. स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में एक स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है। इस परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा निम्नांकित निदेश दिये जाते हैं :-

i) सूची में अंकित संबंधित समिति **प्रपत्र-एम 1** में तीन प्रतियों में प्रारूप मतदाता सूची तैयार कर अपने जिला सहकारिता पदाधिकारी को समर्पित करेंगे। ज्ञातव्य है कि प्राधिकार के पत्रांक 131 दिनांक 15.01.2019 द्वारा दिये गये विस्तृत निदेश के आलोक में संबंधित समिति ने पूर्व में अपनी प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित एवं हस्ताक्षरित तथा पर्यवेक्षकीय कर्मी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित सूची तैयार की होगी और जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध करायी होगी। प्रबंधकारिणी समिति की उक्त बैठक के बाद एवं मतदाता सूची की तैयारी के लिए निर्धारित कट-ऑफ तिथि के पूर्व, कोई सदस्य बनाये गये हों, या हटाये गये हो या मृत हो गये हों, तो वैसे परिवर्तनों के आधार पर किये गये संशोधनों को भी उक्त सूची में सम्मिलित किया जाएगा एवं उसपर यथा स्थिति समिति के प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा। हस्ताक्षर प्रत्येक पृष्ठ पर किया जाएगा। पिछले निर्वाचन की मतदाता सूची आधार सूची मानी गयी है। अतः उस सूची से किसी व्यक्ति का नाम हटाया गया हो, तो समिति को एक अलग सूची बनाकर यह स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा कि नियमावली/ उपविधि के किस प्रावधान के तहत तथा किस प्रक्रिया को अपना कर सदस्यता समाप्त की गयी है। जिला सहकारिता पदाधिकारी इस सूची पर विशेष ध्यान देंगे। प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने में इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा कि सदस्य की अगर कोई अयोग्यता हो, तो उसका उल्लेख प्रपत्र-एम 1 के स्तंभ-5 में निश्चित रूप से कर दिया जाय। समिति के स्तर पर तैयार की गई यह प्रारूप मतदाता सूची जिला सहकारिता पदाधिकारी को **दिनांक 26.05.2022** तक निश्चित रूप से उपलब्ध करा दी जायेगी। अगर कोई समिति उक्त तिथि तक प्रारूप मतदाता सूची जिला सहकारिता पदाधिकारी को समर्पित करने में विफल रहती है, तो यह जिला सहकारिता पदाधिकारी का दायित्व होगा कि उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर समिति की प्रारूप मतदाता सूची अपनी देख-रेख में तैयार करायें।

ii) समिति द्वारा समर्पित प्रारूप मतदाता सूची की प्रामाणिकता की जाँच संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा की जायेगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी प्राप्त अभिलेख एवं समिति के अभिलेख यथा सदस्यता बही, सभा बही, कैशबुक आदि तथा अधिनियम एवं नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर प्रारूप मतदाता सूची में सुधार करने के लिए प्राधिकृत किये गये हैं। उनके द्वारा जो भी सुधार किया जाएगा, उसके संबंध में स्पष्ट कारण भी अंकित किया जाएगा। जाँचोपरान्त एवं संशोधनोपरान्त (अगर कोई हो) मतदाता सूची **दिनांक 30.05.2022** तक संबंधित समिति के निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करायी जाएगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा उक्त प्रारूप मतदाता सूची के प्रत्येक पृष्ठ को सत्यापित किया जाएगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी की जिम्मेवारी होगी कि प्रारूप मतदाता सूची में दी गई सूचनायें सही हैं तथा कट-ऑफ तिथि तक सभी वैध सदस्यों के नाम सूची में शामिल रहे। पिछले निर्वाचन की मतदाता सूची आधार सूची मानी गयी है। अतः जिला सहकारिता पदाधिकारी का यह भी दायित्व होगा कि उक्त सूची से यदि किसी व्यक्ति का नाम हटाया गया हो, तो वे यह अवश्य सुनिश्चित कर लेंगे कि अधिनियम/ नियमावली/ उपविधि के प्रावधानों के तहत प्रक्रिया अपना कर ही सदस्यता समाप्त की गयी हो। निर्वाचन की पिछली मतदाता सूची से जिनका नाम समिति ने हटा दिया है और समिति द्वारा कंडिका- 6 (i) के अनुसार दी गयी सूची में सही प्रक्रिया के तहत नाम नहीं हटाया गया हो, तो जिला सहकारिता पदाधिकारी उसकी मान्यता नहीं देंगे और तद्नुसार सूची में सुधार करेंगे।

iii) जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा सत्यापित/ हस्ताक्षरित मतदाता सूची प्राप्त हो जाने पर निर्वाचन पदाधिकारी इस सूची को प्रारूप मतदाता सूची के रूप में प्राधिकार द्वारा नियत कार्यक्रम के अनुसार

विहित स्थलों पर प्रकाशित करेंगे। प्रारूप मतदाता सूची के प्रत्येक पृष्ठ के अंत में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी का पूर्ण एवं स्पष्ट हस्ताक्षर मुहर सहित अनिवार्य रूप से अंकित रहेगा। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की सूचना **प्रपत्र-एम 2** में निर्गत की जायेगी।

7. उक्त प्रखंडस्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति की मतदाता सूची की तैयारी हेतु प्राधिकार द्वारा निम्नांकित कार्यक्रम नियत किया जाता है :-

| क्र० | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| i | प्रखंडस्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा प्रपत्र एम-1 में सदस्यता सूची जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध कराना | 26.05.2022 |
| ii | जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा उक्त सूची का सत्यापन कर अथवा उक्त सूची स्वयं तैयार कर उसे निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना | 30.05.2022 |
| iii | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थलों पर प्रकाशन | 31.05.2022 |
| iv | आम नोटिस का प्रकाशन जिसमें मतदाता सूची के संबंध में दावे/ आपत्तियाँ प्राप्त करने की तिथि और प्राप्त दावे/ आपत्तियों के निष्पादन की तिथि अंकित हो | 31.05.2022 |
| v | दावे/ आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि | 31.05.2022 से 10.06.2022 तक |
| vi | दावे/ आपत्तियों के निष्पादन के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 13.06.2022 |

8. प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन निम्नांकित स्थलों पर किया जायेगा :-

(क) निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के सूचना पट पर।

(ख) संबंधित प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति के कार्यालय के सूचना पट पर।

(ग) जिला सहकारिता पदाधिकारी के कार्यालय के सूचना पट पर।

9. संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने प्रखंड में अवस्थित समितियों की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन कर दिये जाने की सूचना प्राधिकार के वेबसाइट http://bsea.bihar.gov.in/ पर अपने यूजरनेम के माध्यम से लॉगिन कर ऑनलाईन प्रविष्टि (केवल हाँ अथवा नहीं में) **दिनांक 31.05.2022** को निम्नरूप से किया जायेगा :-

**Step -1 - लॉगिन करने हेतु निर्देश**

निर्वाचन पदाधिकारी अपने कम्प्यूटर के किसी इंटरनेट ब्राउजर पर प्राधिकार का वेबसाइट http://bsea.bihar.gov.in/ टाइप कर खोलेंगे। वेबपेज के दांये ऊपर लॉगिन पर क्लिक करें। प्राधिकार द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराये गये अपने यूजरनेम तथा पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन करें।

**Step -2 - प्रारूप मतदाता सूची संबंधी सूचनाओं को प्रविष्टि करने हेतु निर्देश**

लॉगिन करने के उपरांत होमपेज में ऊपर **''समितियों के मतदाता सूची का प्रकाशन कार्यक्रम''** पर क्लिक करें। तत्पश्चात् वेबपेज पर इस पत्र के माध्यम से मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु निर्गत संख्या के सामने "View" पर क्लिक करें। क्लिक करने के उपरांत समितियों के नाम के सामने उल्लिखित **''प्रारूप प्रकाशन हुआ अथवा नहीं''** में हाँ अथवा नहीं का चयन कर सबमिट करेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा ऑनलाईन प्रविष्टि किये जाने के पश्चात् प्रारूप प्रकाशन हुआ अथवा नहीं की स्थिति को ऑनलाईन ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने यूजरनेम के माध्यम से प्राधिकार के वेबसाइट पर लॉगिन कर डैशबोर्ड पर **''मतदाता सूची के प्रकाशन से संबंधित कार्यक्रम की सूचनाएं''** पर क्लिक कर देख सकेंगे। संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समिति की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन कर दिये जाने की सूचना जिला सहकारिता पदाधिकारी को **दिनांक 01.06.2022** तक उपलब्ध करा दी जायेगी।

जिला सहकारिता पदाधिकारी उक्त सूचनाओं को समेकित कर प्राधिकार के ई-मेल bseapatna@gmail.com पर <u>**दिनांक 02.06.2022**</u> तक भेज देंगे।

**अतएव संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी का यह दायित्व होगा कि प्रारूप प्रकाशन की स्थिति/ सूचना को ससमय प्राधिकार के वेबसाइट पर प्रविष्टि करायें, ताकि निर्वाचन से संबंधित विभिन्न प्रक्रमों का अनुश्रवण (Monitoring) किया जा सके।**

10. प्रारूप मतदाता सूची में अंकित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने के संबंध में कोई आपत्ति अथवा प्रारूप मतदाता सूची में किसी का नाम जोड़ने से संबंधित दावा **प्रपत्र-एम 3 तथा मतदाता सूची से किसी प्रविष्टि से संबंधित विशिष्टियों पर आपति प्रपत्र-एम 4** में विहित समय सीमा के अंदर ही लिया जा सकेगा। आपत्ति उन्हीं व्यक्तियों द्वारा दी जायेगी, जो संबंधित सहकारी समिति के सदस्य हैं। **बाहर के किसी व्यक्ति द्वारा दी गई आपत्ति निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सिरे से खारिज कर दी जायेगी। सादे कागज पर दी गयी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।**

11. प्रारूप मतदाता सूची में लिपिकीय अथवा मानवीय भूलवश किसी सदस्य, उसके पिता/ पति का नाम एवं पता अथवा किसी समिति के नाम एवं पते में कोई भूल या त्रुटि परिलक्षित होने पर निर्वाचन पदाधिकारी प्रारूप मतदाता सूची में आवश्यक सुधार करने हेतु स्वयं सक्षम होंगे।

12. प्रारूप मतदाता सूची की किसी प्रविष्टि के संबंध में आवेदन पत्र विहित प्रपत्रों में प्राप्त होने पर निर्वाचन पदाधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी (उप निर्वाचन पदाधिकारी) द्वारा उसकी सरसरी तौर पर पड़ताल कराई जाएगी तथा आवश्यकता महसूस होने पर संक्षिप्त सुनवाई कर <u>**आपत्ति की स्वीकृति/ अस्वीकृति के संबंध में आपत्ति-पत्र पर ही मुखर आदेश पारित किया जाएगा।**</u> तदनुसार मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन अनुपूरक मतदाता सूची के माध्यम से कर लिया जाएगा। पिछले चुनाव की मतदाता सूची से यदि किसी मतदाता का नाम समिति ने हटा दिया हो, तो मांगे जाने पर समिति को साक्ष्य उपलब्ध कराना होगा कि सहकारिता अधिनियम/ नियमावली के विहित प्रावधानों का पालन करते हुए ही नाम हटाया गया है। निर्वाचन पदाधिकारी इस विषय पर सहकारिता पदाधिकारी से तकनीकी परामर्श ले सकते हैं। इसी तरह जिनका नाम विगत निर्वाचन की मतदाता सूची में नहीं था, परंतु नाम जोड़ने का दावा कर रहे हो, तो वैसे लोगों को मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किये जाने के मामले में आवेदन पत्र के साथ सदस्यता शुल्क प्रमाण-पत्र/ शेयर प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से संलग्न होनी चाहिए एवं जाँच के समय मूल प्रतियों की मांग आवश्यक रूप से की जायगी। साथ ही साथ, आवश्यकता महसूस होने पर इन मामलों से संबंधित समिति से भी प्रतिवेदन/ अभिलेख की मांग की जा सकती है।

13. प्रारूप मतदाता सूची में जो भी परिवर्तन किए जायेंगे, उन्हें **प्रपत्र-एम 5** में दिए गए नमूने के अनुसार एक अनुपूरक सूची के रूप में तैयार किया जाएगा, जिसमें स्पष्ट उल्लेख रहेगा कि प्रारूप मतदाता सूची से कौन सी प्रविष्टि हटायी गयी है, कौन सी प्रविष्टि में आवश्यक संशोधन किया गया है, तथा कौन-सी नई प्रविष्टि जोड़ी गई है। **प्रारूप मतदाता सूची एवं अनुपूरक मतदाता सूची के सम्मिलित रूप को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची माना जाएगा।** मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन का प्रारूप **प्रपत्र-एम 6** पर देखा जा सकता है।

14. संबंधित प्रखंडस्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति की अंतिम मतदाता सूची के प्रत्येक पृष्ठ के अंत में उसे तैयार करने वाले कर्मी तथा निर्वाचन पदाधिकारी/ प्राधिकृत उप निर्वाचन पदाधिकारी, दोनों द्वारा अंतिम प्रकाशन के दिन हस्ताक्षर किया जाएगा जो इस बात के प्रमाणस्वरूप होगा कि मतदाता सूची सही है, एवं इसमें कोई छेड़-छाड़ नहीं की गई है। सचेत किया जाता है कि प्रारूप मतदाता सूची अथवा पूरक मतदाता सूची की किसी प्रविष्टि में ओवरराइटिंग नहीं हो; किसी भी तरह के सुधार को स्पष्ट अक्षरों में उसके बगल में अंकित कर दिया जाय तथा उसके शीर्ष में सुधार करने वाले पदाधिकारी द्वारा अपना आद्याक्षर (initial) अवश्य कर दिया जाय। अगर निर्वाचन संचालन के दौरान प्राधिकार को मतदाता सूची

में संबंधित कर्मियों के स्तर पर कोई गड़बड़ी करने की संपुष्ट शिकायत प्राप्त होगी, तो प्राधिकार इसे काफी गंभीरता से लेगा।

15. मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के समय निर्वाचन पदाधिकारी -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा **प्रपत्र-एम 1** में टंकित या कम्प्यूटरीकृत रूप में उपलब्ध कराये गये मतदाता सूची की तीन प्रतियों में से दो का उपयोग करेंगे, एवं एक प्रति का उपयोग मूल अभिलेख (कार्यालय प्रति) के रूप में सुरक्षित रखें।

16. मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के समय अंतिम मतदाता सूची की नौ प्रतियाँ तैयार की जायेंगी। इसकी चार प्रतियों का उपयोग निर्वाचन के समय किया जाएगा तथा शेष बची प्रतियों में से एक प्रति प्रखंड मुख्यालय में अंतिम प्रकाशन के लिए; एक प्रति मत्स्यजीवी सहयोग समिति के कार्यालय में अंतिम प्रकाशन के लिए एवं एक प्रति निर्वाचन पदाधिकारी के यहाँ अभिलेख के रूप में सुरक्षित रखने के लिए तथा दो प्रति जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध करा दी जायेगी। **जो सदस्य मतदाता सूची की फोटो प्रति प्राप्त करना चाहें, उन्हें ₹ 1.50/- प्रति पृष्ठ की लागत दर पर निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा फोटो प्रति उपलब्ध करायी जाएगी।**

17. जिला निर्वाचन पदाधिकारी संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी को अपने स्तर से भी प्राधिकार के उपर्युक्त निदेशों से अवगत करा देंगे। निर्वाचन पदाधिकारी अपने स्तर से संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति को उपर्युक्त निदेश की जानकारी निश्चित रूप से उपलब्ध करा देंगे।

18. निर्वाचन कार्यक्रम को अंतिम रूप देने से पूर्व प्राधिकार के लिए अंतिम रूप से प्रकाशित की जाने वाली मतदाता सूची का संक्षिप्त विवरण जानना आवश्यक है। अतएव संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद पुनः प्राधिकार के वेबसाइट http://bsea.bihar.gov.in/ पर अपने यूजरनेम के माध्यम से लॉगिन कर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन कर दिये जाने की सूचना <u>**दिनांक 13.06.2022**</u> को निम्नरूप से ऑनलाईन प्रविष्टि (केवल हाँ अथवा नहीं में) करेंगे :-

**Step -1- मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पश्चात् संबंधित सूचनाओं को प्रविष्टि करने हेतु निर्देश**

निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्राधिकार के वेबसाइट पर लॉगिन करने के उपरांत होमपेज में ऊपर **''समितियों के मतदाता सूची का प्रकाशन कार्यक्रम''** पर क्लिक करेंगे। तत्पश्चात् वेबपेज पर इस पत्र के माध्यम से मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु निर्गत संख्या के सामने "View" पर क्लिक करें। क्लिक करने के उपरांत समितियों के नाम के सामने उल्लिखित **''अंतिम प्रकाशन हुआ अथवा नहीं''** में हाँ अथवा नहीं का चयन कर एवं मतदाताओं की संख्या तथा प्रखंड मुख्यालय से समिति कार्यालय की अनुमानित दूरी टाईप कर सबमिट करेंगे।

<u>दिनांक **15.06.2022** के पूर्वाह्न तक निर्वाचन पदाधिकारी अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में प्रपत्र-एम 7 पर दिये गये प्रपत्र में एक प्रतिवेदन तैयार करेंगे और इस प्रतिवेदन की एक प्रति प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी या अन्य पर्यवेक्षक के माध्यम से जिला सहकारिता पदाधिकारी को उसी दिन उपलब्ध करा देंगे। जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रपत्र-एम 7 में ही सभी निर्वाचन पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदनों को समेकित कर उसी प्रपत्र में फैक्स (0612-2231562) तथा ई-मेल (**bseapatna@gmail.com**) या विशेष दूत द्वारा दिनांक **16.06.2022** तक निश्चित रूप से प्राधिकार को उपलब्ध करा देंगे।</u>

19. <u>कोरोना वायरस का संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी दावा/ आपत्तियों का निष्पादन करते समय कोरोना संक्रमण से संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये निरोधात्मक उपायों एवं सामान्य मानक प्रक्रिया का ध्यान रखेंगे तथा यह व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे कि दावा/ आपत्ति दायर करने तथा सुनवाई के समय भीड़-भाड़ की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके लिए यह भी आवश्यक होगा कि दावा/ आपतियों के निष्पादन हेतु</u>

सुनवाई के लिए निर्धारित अवधि के अंदर अलग-अलग दावों के लिए अलग-अलग समय का निर्धारण किया जाय। यह व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय कि दावा/ आपत्ति दायर करने तथा इनपर सुनवाई के समय एक दूसरे व्यक्तियों के बीच सामाजिक दूरी बनी रहे ।

**अनुलग्नकः प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों की सूची।**

विश्वासभाजन,

( पुरूषोत्तम पासवान )

सचिव।

ज्ञापांक : 717 /पटना, दिनांक 21/05/2022

प्रतिलिपि : जिला सहकारिता पदाधिकारी, कटिहार, मधुबनी, सीतामढी, मधेपुरा, सुपौल, बांका, जहानाबाद, किशनगंज, औरंगाबाद, गया, समस्तीपुर, लखीसराय, वैशाली, पूर्णिया, बेगूसराय, दरभंगा, शिवहर, सारण, बक्सर पटना, रोहतास, कैमूर, पूर्वी चम्पारण, खगड़िया, नालन्दा, गोपालगंज, सहरसा, पश्चिम चम्पारण, भोजपुर एवं अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. वे कृपया अपने स्तर से भी उपर्युक्त निदेश की जानकारी संबंधित समिति को देंगे तथा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी को स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य हो कि निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा की गई किसी पृच्छा का सम्यक् एवं त्वरित उत्तर देने हेतु वे कर्त्तव्यबद्ध (dutybound) हैं।

सचिव।

ज्ञापांक : 717 /पटना, दिनांक 21/05/2022

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 717 /पटना, दिनांक 21/05/2022

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 717 /पटना,दिनांक 21/05/2022

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना का कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ श्री हरि किशुन राम, सहायक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

# निर्वाचन देय प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समितियों की सूची।

| क्र० | जिला | प्रखंड | समिति का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कटिहार | समेली | समेली प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 2 | कटिहार | अमदाबाद | अमदाबाद प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 3 | कटिहार | बलरामपुर | बलरामपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 4 | कटिहार | आजमनगर | आजमनगर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 5 | कटिहार | कटिहार | कटिहार प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 6 | कटिहार | बरारी | बरारी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 7 | कटिहार | कदवा | कदवा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 8 | कटिहार | डंडखोरा | डंडखोरा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 9 | कटिहार | कुर्सेला | कुर्सेला प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 10 | कटिहार | कोढा | कोढा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 11 | कटिहार | प्राणपुर | प्राणपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 12 | कटिहार | मनसाही | मनसाही प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 13 | कटिहार | मनिहारी | मनिहारी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 14 | कटिहार | हसनगंज | हसनगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 15 | मधुबनी | रहिका | रहिका प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 16 | मधुबनी | विस्फी | विस्फी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 17 | मधुबनी | लदनियाँ | लदनियाँ प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 18 | मधुबनी | बाबूबरही | बाबूबरही प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 19 | मधुबनी | मधेपुर | मधेपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 20 | मधुबनी | अंधराठाढी | अंधराठाढी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 21 | मधुबनी | पंडौल | पंडौल प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 22 | सीतामढी | डुमरा | डुमरा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 23 | सीतामढी | परिहार | परिहार प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 24 | सीतामढी | बथनाहा | बथनाहा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 25 | सीतामढी | बैरगनिया | बैरगनिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 26 | सीतामढी | परसौनी | परसौनी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 27 | सीतामढी | सुप्पी | सुप्पी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 28 | सीतामढी | बेलसंड | बेलसंड प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 29 | सीतामढी | चोरौत | चोरौत प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 30 | सीतामढी | सोनबरसा | सोनबरसा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 31 | सीतामढी | पुपरी | पुपरी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 32 | सीतामढी | रून्नीसैदपुर | रून्नीसैदपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 33 | सीतामढी | बोखरा | बोखरा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 34 | मधेपुरा | चौसा | चौसा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | मधेपुरा | गम्हरिया | गम्हरिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 36 | मधेपुरा | घैलाढ | घैलाढ प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 37 | मधेपुरा | ग्वालपाड़ा | ग्वालपाड़ा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 38 | मधेपुरा | कुमारखंड | कुमारखंड प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 39 | मधेपुरा | मधेपुरा | मधेपुरा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 40 | मधेपुरा | मुरलीगंज | मरलीगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 41 | मधेपुरा | पुरैनी | पुरैनी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 42 | मधेपुरा | सिंहेश्वर | सिंहेश्वर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 43 | मधेपुरा | उदाकिशनगंज | उदाकिशनगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 44 | सुपौल | पिपरा | पिपरा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 45 | सुपौल | किशनपुर | किशनपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 46 | सुपौल | निर्मली | निर्मली प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 47 | सुपौल | मरौना | मरौना प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 48 | सुपौल | बसंतपुर | बसंतपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 49 | सुपौल | प्रतापगंज | प्रतापगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 50 | बांका | अमरपुर | अमरपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 51 | बांका | बाराहाट | बाराहाट प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 52 | बांका | बेलहर | बेलहर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 53 | बांका | चांदन | चांदन प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 54 | बांका | धोरैया | धोरैया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 55 | बांका | कटोरिया | कटोरिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 56 | बांका | शंभुगंज | शंभुगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 57 | बांका | रजौन | रजौन प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 58 | बांका | फुल्लीडुमर | फुल्लीडुमर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 59 | जहानाबाद | जहानाबाद | जहानाबाद प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 60 | जहानाबाद | काको | काको प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 61 | जहानाबाद | मोदनगंज | मोदनगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 62 | जहानाबाद | घोषी | घोषी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 63 | जहानाबाद | मखदुमपुर | मखदुमपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 64 | किशनगंज | पोठिया | पोठिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 65 | किशनगंज | ठाकुरगंज | ठाकुरगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 66 | औरंगाबाद | देव | देव प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 67 | औरंगाबाद | रफिगंज | रफिगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 68 | औरंगाबाद | बारूण | बारूण मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 69 | औरंगाबाद | ओबरा | मत्स्यजीवी स0स0लि0, ओबरा |
| 70 | गया | कोच | कोच प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 71 | गया | नगर | नगर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 72 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | कल्याणपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 73 | समस्तीपुर | रोसड़ा | रोसड़ा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 74 | समस्तीपुर | विभूतिपुर | विभुतिपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 75 | समस्तीपुर | वारिसनगर | वारसनगर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 76 | समस्तीपुर | बिथान | बिथान प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 77 | समस्तीपुर | पुसा | पुसा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 78 | समस्तीपुर | ताजपुर | ताजपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 79 | समस्तीपुर | सरायरंजन | सरायरंजन प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 80 | समस्तीपुर | सिंधिया | सिंधिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 81 | समस्तीपुर | पटोरी | पटोरी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 82 | समस्तीपुर | मोहनपुर | मोहनपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 83 | समस्तीपुर | विद्यापतिनगर | विद्यापतिनगर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 84 | समस्तीपुर | उजियारपुर | उजियारपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 85 | समस्तीपुर | मोरवा | मोरवा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 86 | समस्तीपुर | शिवाजीनगर | शिवाजीनगर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 87 | समस्तीपुर | समस्तीपुर | समस्तीपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 88 | समस्तीपुर | हसनपुर | हसनपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 89 | समस्तीपुर | खानपुर | खानपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 90 | समस्तीपुर | दलसिंहसराय | दलसिंहसराय प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 91 | लखीसराय | हलसी | हलसी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 92 | लखीसराय | सुर्यगढा | सुर्यगढा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 93 | लखीसराय | लखीसराय | बालगुदर मत्स्यजीवी स0स0लि0, लखीसराय |
| 94 | वैशाली | भगवानपुर | भगवानपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 95 | वैशाली | बिदुपुर | बिदुपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 96 | वैशाली | पातेपुर | पातेपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 97 | वैशाली | देसरी | देसरी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 98 | वैशाली | हाजीपुर | हाजीपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 99 | वैशाली | पटेढीबेलसर | पटेढीबेलसर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 100 | वैशाली | वैशाली | वैशाली प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 101 | वैशाली | महुआ | महुआ प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 102 | वैशाली | जन्दाहा | जन्दाहा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 103 | वैशाली | राघोपुर | राघोपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 104 | वैशाली | लालगंज | लालगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 105 | वैशाली | राजापाकर | राजापाकर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 106 | वैशाली | सहदेई बुजुर्ग | सहदेई बुजुर्ग प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 107 | वैशाली | चेहराकलां | चेहराकलां प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 108 | वैशाली | महनार | महनार प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 109 | वैशाली | गोरौल | गोरौल प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 110 | पूर्णिया | पूर्णिया पूर्व | पूर्णिया पूर्व प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 111 | पूर्णिया | कसबा | कसबा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 112 | पूर्णिया | के0नगर | के0नगर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 113 | पूर्णिया | भवानीपुर | भवानीपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 114 | पूर्णिया | बड़हराकोठी | बड़हराकोठी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 115 | पूर्णिया | बायसी | बायसी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 116 | पूर्णिया | वैसा | वैसा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 117 | पूर्णिया | डगरूआ | डगरूआ प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 118 | पूर्णिया | जलालगढ | जलालगढ प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 119 | पूर्णिया | बनमनखी | बनमनखी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 120 | पूर्णिया | अमौर | अमौर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 121 | पूर्णिया | धमदाहा | धमदाहा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 122 | बेगूसराय | खोदावन्दपुर | खोदावन्दपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 123 | बेगूसराय | साहेबपुर कमाल | साहेबपुर कमाल प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 124 | बेगूसराय | बेगूसराय | बेगूसराय प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0, चॉदपुर |
| 125 | बेगूसराय | नावकोठी | नावकोठी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 126 | बेगूसराय | भगवानपुर | भगवानपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 127 | बेगूसराय | तेघड़ा | तेघड़ा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 128 | बेगूसराय | गढपुरा | गढपुरा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 129 | बेगूसराय | बरौनी | बरौनी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0, बरौनी |
| 130 | बेगूसराय | डंडारी | डंडारी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 131 | बेगूसराय | बलिया | बलिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 132 | बेगूसराय | बछवाड़ा | बछवाड़ा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 133 | दरभंगा | बेनीपुर | बेनीपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 134 | दरभंगा | जाले | जाले प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 135 | दरभंगा | बहादुरपुर | बहादुरपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 136 | दरभंगा | घनश्यामपुर | घनश्यामपुर प्रखंड मत्स्यजीवी मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 137 | दरभंगा | बहेड़ी | बहेड़ी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 138 | दरभंगा | अलीनगर | अलीनगर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 139 | दरभंगा | ताराडीह | ताराडीह प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 140 | दरभंगा | सदर दरभंगा | सदर दरभंगा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 141 | दरभंगा | गौड़ाबौराम | गौड़ाबरौम प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 142 | दरभंगा | कुशेश्वरस्थान पूर्वी | कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 143 | दरभंगा | हायाघाट | हायाघाट प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 144 | दरभंगा | हनुमाननगर | हनुमाननगर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 145 | दरभंगा | मनीगाछी | मनीगाछी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 146 | दरभंगा | सिंहवाड़ा | सिंहवाड़ा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 147 | दरभंगा | केवटी | केवटी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 148 | शिवहर | पुरनहिया | पुरनहिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 149 | सारण | रिविलगंज | रिविलगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 150 | सारण | नगरा | नगरा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 151 | सारण | जलालपुर | जलालपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 152 | सारण | दरियापुर | दरियापुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 153 | सारण | सोनपुर | सोनपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 154 | सारण | लहलादपुर | लहलादपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 155 | सारण | एकमा | एकमा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 156 | सारण | मांझी | मांझी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 157 | सारण | मकेर | मकेर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 158 | सारण | इसुआपुर | इसुआपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 159 | सारण | अमनौर | अमनौर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 160 | सारण | मढौरा | मढौरा मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 161 | सारण | परसा | परसा मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 162 | सारण | पानापुर | पानापुर मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 163 | सारण | तरैया | तरैया मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 164 | बक्सर | बक्सर | बक्सर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 165 | बक्सर | डुमरॉव | डुमरॉव प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 166 | बक्सर | राजपुर | राजपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 167 | पटना | दनियावॉ | दनियावॉ प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 168 | रोहतास | डिहरी | डिहरी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 169 | रोहतास | अकोढीगोला | अकोढीगोला प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 170 | रोहतास | नौहट्‌टा | नौहट्‌टा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 171 | रोहतास | रोहतास | रोहतास प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 172 | रोहतास | कोचस | काचस प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 173 | रोहतास | करगहर | करगहर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 174 | रोहतास | चेनारी | चेनारी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 175 | रोहतास | नोखा | नोखा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 176 | रोहतास | बिक्रमगंज | बिक्रमगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 177 | रोहतास | राजपुर | राजपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 178 | रोहतास | दिनारा | दिनारा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 179 | रोहतास | काराकाट | काराकाट प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 180 | कैमूर | नुऑव | नुऑव प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 181 | कैमूर | अधौरा | अधौरा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 182 | कैमूर | चैनपुर | चैनपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 183 | कैमूर | दुर्गावती | दुर्गावती प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 184 | कैमूर | भगवानपुर | भगवानपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 185 | कैमूर | रामगढ | रामगढ प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 186 | कैमूर | रामपुर | रामपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 187 | पूर्वी चम्पारण | ढाका | ढाका प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 188 | पूर्वी चम्पारण | तुरकौलिया | तुरकौलिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 189 | पूर्वी चम्पारण | केसरिया | केसरिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 190 | पूर्वी चम्पारण | सुगौली | सगौली प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 191 | पूर्वी चम्पारण | कल्याणपुर | कल्याणपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 192 | खगड़िया | खगड़िया | खगड़िया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0, खगड़िया |
| 193 | खगड़िया | मानसी | मानसी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0, मानसी |
| 194 | खगड़िया | गोगरी | गोगरी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0, गोगरी |
| 195 | खगड़िया | बेलदौर | बेलदौर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0, बेलदौर |
| 196 | खगड़िया | चौथम | चौथम प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0, चौथम |
| 197 | खगड़िया | अलौली | अलौली प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0, अलौली |
| 198 | नालन्दा | एकंगरसराय | एकंगरसराय प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 199 | नालन्दा | बिन्द | बिन्द प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 200 | नालन्दा | रहुई | रहुई प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 201 | नालन्दा | राजगीर | राजगीर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 202 | नालन्दा | सिलाव | सिलाव प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 203 | नालन्दा | हरनौत | हरनौत प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 204 | नालन्दा | नगरनौसा | नगरनौसा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 205 | नालन्दा | वेन | वेन प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 206 | नालन्दा | परवलपुर | परवलपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 207 | नालन्दा | थरथरी | थरथरी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 208 | गोपालगंज | सिधवलिया | सिधवलिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 209 | गोपालगंज | गोपालगंज | गोपालगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 210 | गोपालगंज | थावे | थावे प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 211 | गोपालगंज | कुचायकोट | कुचायकोट प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 212 | गोपालगंज | मांझा | मांझा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 213 | गोपालगंज | बरौली | बरौली प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 214 | गोपालगंज | उचकागांव | उचकागांव प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 215 | गोपालगंज | फुलवरिया | फुलवरिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 216 | गोपालगंज | हथुआ | हथुआ प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 217 | सहरसा | सिमरी | सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 218 | सहरसा | सौरबाजार | सौरबाजार प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 219 | सहरसा | पतरघट | पतरघट प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 220 | पश्चिम चम्पारण | बगहा-2 | बगहा-2 प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 221 | पश्चिम चम्पारण | नरकटियागंज | नरकटियागंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 222 | पश्चिम चम्पारण | रामनगर | रामनगर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 223 | पश्चिम चम्पारण | लौरिया | लौरिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 224 | पश्चिम चम्पारण | गौनाहा | गौनाहा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 225 | पश्चिम चम्पारण | सिकटा | सिकटा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 226 | पश्चिम चम्पारण | योगापट्टी | योगापट्टी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 227 | पश्चिम चम्पारण | ठकराहा | ठकराहा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 228 | भोजपुर | सहार | सहार प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 229 | अररिया | अररिया | अररिया प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 230 | अररिया | सिकटी | सिकटी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 231 | अररिया | रानीगंज | रानीगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 232 | अररिया | फारबिसगंज | फारबिसगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 233 | अररिया | पलासी | पलासी प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 234 | अररिया | नरपतगंज | नरपतगंज प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 235 | अररिया | कुर्साकांटा | कुर्साकांटा प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |